मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

शुद्धिपत्र क्रमांक 02/07/2017, दिनांक 23.12.2017

सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2017

ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि **31.01.2018**

01 आयोग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग , मध्य प्रदेश शासन हेतु विभिन्न विषयों के सहायक प्राध्यापकों के पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 07/2017, दिनांक 12.12.2017 आयोग की वेबसाइट तथा **"रोजगार और निर्माण"** समाचार पत्र के दिनांक 18.12.2017 के अंक में प्रकाशित किया गया है।

02 उक्त विज्ञापन में निम्नानुसार संशोधन किए जाते है:-

1. **सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2016 में आयु सीमा के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों की पात्रता के संबंध में:-**
   (मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग का आदेश क्रमांक एफ 1-118/201/38-1, दिनांक 21.12.2017)

   माननीय उच्चतम न्यायालय के द्वारा SLP(C) No- 023565-023568/2016 में दिये गए आदेश दिनांक 25.08.2017 के अनुपालन में:-

   मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लोक सेवा आयोग के माध्यम से विज्ञापित विज्ञापन क्रमांक 01/परीक्षा/2016, दिनांक 19.02.2016 में जो प्रत्याशी सहायक प्राध्यापकों की सीधी भर्ती हेतु आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु विभिन्न श्रेणियों अनुसार पात्र थे, को इस विज्ञापन में भी उपरोक्त माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार पात्र माना जाएगा।

2. **नि:शक्तजन अभ्यर्थी को अनुज्ञेय सुविधायें:-**
   विज्ञापन के परिशिष्ट-5 की कंडिका (7)(इ) में उल्लेखित सहलेखक की शैक्षणिक अर्हता संबंधी व्यवस्था निम्नानुसार संशोधित की जाती है :-
   "सहलेखक की शैक्षणिक अर्हता अधिकतम स्नातक होनी चाहिए।"

03 उक्त संशोधनों के परिप्रेक्ष्य में ऑनलाइन आवेदन अवधि **दिनांक 01.01.2018 से 31.01.2018 तथा त्रुटि सुधार अवधि 05.01.2018 से 02.02.2018** निर्धारित की जाती है।

04 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी।

उप सचिव